JAIPUR METRO

जयपुर मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड

एडमिन बिल्डिंग, मेट्रो डिपो, भृगु पथ, मानसरोवर, जयपुर–302020

E-mail: pro@jaipurmetrorail.in **Phone No:** 0141-2822760

2022/09/377–**प्रेस विज्ञप्ति** **दिनांकः** 17.09.2022

जयपुर मेट्रो में विश्वकर्मा जयंती पर वृक्षारोपण व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन।

जयपुर 17 सितम्बर। जयपुर मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड में भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर कर्मचारियों ने वृक्षारोपण व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरूआत निदेशक (कम्पनी मामलात्) श्री महेश भुराड़िया एवं निदेशक (परिचालन व प्रणाली) श्री विवेक कुमार द्वारा वृक्षारोपण के साथ की गई तथा उनके साथ कार्यक्रम में उपस्थित अन्य पदाधिकारियों व कर्मचारियों ने भी मेट्रो परिसर में वृक्षारोपण किया।

पर्यावरण के प्रति अपना उत्तरदायित्व निभाने के साथ–साथ मेट्रो अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा भगवान विश्वकर्मा की पूजा–अर्चना के साथ–साथ हवन, भोजन प्रसादी इत्यादि सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। मेट्रो अधिकारियों व कर्मचारियों ने इस कार्यक्रम को उत्साह एवं हर्षोउल्लास से मनाया।

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री कुंजीलाल मीना ने कर्मचारियों द्वारा आयोजित इस सांस्कृतिक व वृक्षारोपण कार्यक्रम हेतु मेट्रो कर्मचारियों की प्रशंसा एवं उत्साहवर्धन करते हुए सभी को अपनी सामाजिक जिम्मेदारी के साथ–साथ प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का वहन करने हेतु प्रेरित किया और पर्यावरण की खुशहाली हेतु जीवन में अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का संदेश दिया।

जनसंपर्क अधिकारी
जयपुर मेट्रो